आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस सरकार किसी भी पौंग बांध विस्थापित परिवार को भूमिहीन नहीं रहने देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह स्वयं इस मामले को देखेंगे और यदि कानून बदलना पड़ा तो कानून भी बदल देंगे, लेकिन विस्थापितों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 1972 से 20 हज़ार 7 सौ 22 प्रभावित परिवार न्याय की आस में दर–दर भटक रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। अब कांग्रेस सरकार उनकी समस्याएं सुलझाएगी। मुख्यमंत्री आज देहरा विधानसभा क्षेत्र के लुदरेट, नंदपुर, भटोली, जरलियां, गुलेर, गढूटर और भटोली–फकोरियां में पार्टी प्रत्याशी कमलेश ठाकुर के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि देहरा के पूर्व विधायक व भाजपा उम्मीदवार होशियार सिंह ने 6 सालों तक देहरा की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया और केवल अपने विकास में लगे रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि होशियार सिंह विधायक बनने के लिए नहीं बल्कि अपने अधूरे रिज़ॉर्ट का काम पूरा करने के लिए वोट मांग रहे हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस सरकार सत्ता संभालने के पहले दिन से ही लोगों के कल्याण के लिए काम कर रही है।

अनुराग ठाकुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस भ्रम और अफवाहों की राजनीति कर रही है। अनुराग ठाकुर ने आज देहरा में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि देश व प्रदेश की जनता कांग्रेस की इस तरह की राजनीति से नहीं डरेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से पूछा कि देहरा में कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर की हार के बाद भी क्या कांग्रेस द्वारा किए गए वायदे पूरे होंगे। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में केवल मित्रों को लाभ मिल रहा है और राज्य पर कर्ज का बोझ 95 हज़ार करोड़ रूपये से ऊपर पहुंच गया है। उन्होंने कांग्रेस से ये भी पूछा कि उसे देहरा में आखिर कोई स्थानीय उम्मीदवार क्यों नहीं मिला। अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि देहरा में भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह की जीत होगी। उन्होंने कांग्रेस पर आपदा में भी राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि केंद्र द्वारा आपदा में दिए गए पैसों की प्रदेश सरकार ने बंदरबांट की। अनुराग ठाकुर ने कहा कि धर्मशाला और देहरा में चल रहे केंद्रीय विश्वविद्यालय के परिसरों के निर्माण से यहां हज़ारों लोगों को रोज़गार मिलेगा।

संपूर्णता अभियान

दूरदराज इलाकों में सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने और आम लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के मकसद से नीति आयोग ने आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की शुरूआत की है। इसके तहत एक जुलाई से 30 सितंबर तक चयनित ब्लॉकों में संपूर्णता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज किन्नौर ज़िला के पूह में संपूर्णता अभियान का उपायुक्त अमित कुमार ने शुभारंभ किया। उपायुक्त ने इस मौके पर अभियान के तहत 6 मुख्य कार्यक्रम सूचकों को 30 सितंबर तक पूर्ण करने की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी विभागों को शेष 34 मुख्य कार्यक्रम सूचकों पर निरंतर कार्य करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें पूह खंड के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। छात्रों की मैराथन में रिब्बा स्कूल के मुन्ना प्रथम जबकि छात्राओं की दौड़ में कानम स्कूल की विपाशा प्रथम रही। शिमला ज़िला के कुपवी में भी आज नीति आयोग के उप–सलाहकार ए. मुरलीधरन ने संपूर्णता अभियान की शुरूआत की। उन्होंने इस मौके पर अभियान के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों और लोगों को कार्यक्रम की शपथ दिलाई।

पंडोह डैम

मंडी ज़िला में बीते 3 दिनों से भारी बारिश हो रही है, ऐसे में लारजी और पंडोह डैम में पानी का जलस्तर बढ़ गया है। इसे देखते हुए दोनों डैम के प्रबंधन ने बांधों के गेट खोल दिए हैं। पंडोह डैम से 21 हज़ार 4 सौ क्यूसेक पानी प्रति सैकंड छोड़ा जा रहा है। इसके चलते ब्यास नदी के निचले क्षेत्रों में नदी का जलस्तर बढ़ गया है। मंडी में ब्यास नदी का पानी पंचवक्त्र महादेव मंदिर की पौड़ियों तक पहुंच गया है। इसे देखते हुए मंडी ज़िला प्रशासन ने लोगों को नदी के किनारों से दूर रहने की अपील की है। पंडोह डैम के अधिशासी अभियंता विवेक चोपड़ा ने बताया कि डैम में 29 हज़ार 2 सौ 48 क्यूसेक पानी प्रति सैकेंड पहुंच रहा है। इसके बावजूद डैम में पानी की स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है और लोगों को घबराने की ज़रूरत नहीं है। इस बीच भारी बरसात के कारण मंडी शहर के लिए पानी की आपूर्ति करने वाली योजना में बाधा आ जाने से मंडी शहर में बीते 2 दिनों से पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इस कारण लोगों को भारी बरसात के बीच भी जोरदार पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है।

———————————————